# बी. डी. एम. इंटरनेशनल का हीरक जयंती उत्सव




**कोलकाता, 30 अप्रैल (नि.प्र.)।** बी.डी.एम. इंटरनेशनल ने अपने 60 वें स्थापना दिवस (हीरक जयंती)1 मई की पूर्व संध्या पर एक गरिमामय एवं सुव्यवस्थित कार्यक्रम का आयोजन किया जिसे अत्यंत उत्साह, गरिमा और सृजनात्मकता के साथ मनाया गया ।कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय परिसर के विभिन्न आधुनिक केंद्रों–एरोस्पेस लैब, इनोवेशन लैब तथा कला प्रदर्शनी–के अवलोकन से हुई, जिसने विद्यालय की नवाचारपूर्ण सोच और रचनात्मकता को उजागर किया। इसके पश्चात प्रकृति के प्रति समर्पण दर्शाते हुए सी.ई.ओ.एस.एल. गुप्ता, प्रधानाचार्या मधुमिता सेन गुप्ता के साथ स्कूल प्रबंधन कमेटी ने पौधारोपण किया। इस विशिष्ट अवसर पर स्कूल को संवारने में योगदान देने वाले पूर्व शिक्षकगण और छात्रगण भी उपस्थित थे। उपाध्यक्ष उत्सव खेतान ने वर्चुअल माध्यम से अपनी शुभकामनाएँ दीं। दीप प्रज्वलन के साथ ही स्कूल के संस्थापक जी.एन.खेतान, द्रौपदी देवी खेतान और फाउंडर प्रिंसिपल उषा मेहता को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई जिनके विजन ने स्कूल को नित्य नई ऊंचाइयों को छूने की राह दिखाई। मुख्य समारोह ऑडिटोरियम में आयोजित हुआ, जहाँ रंगारंग नृत्य प्रस्तुति ने वातावरण को उल्लासमय बना दिया।